समाचार–प्रकाशनार्थ :–

काला घोड़ा से कानवेंट स्कूल तिराहे तक सड़क निर्माण कार्य होगा शीघ्र प्रांरभ
निगम आयुक्त श्री झारिया ने किया स्थल का निरीक्षण

रतलाम 09 जून । कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार काला घोड़ा चौराहा से कानवेंट स्कूल तिराहे तक 4 लेन निर्माण कार्य प्रारंभ करने व दो बत्ती से काला घोड़ा चौराहा चल रहे 4 लेन निर्माण कार्य तीव्र गति से करवाये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यास व उपयंत्री श्री विकास मरकाम के साथ स्थल का निरीक्षण किया।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने कार्यपालन यंत्री श्री व्यास व संबंधित ठेकेदार के साथ काला घोड़ा चौराहा से कानवेंट स्कूल तिराहे तक पैदल भ्रमण कर सड़क निर्माण हेतु कम पड़ रही भूमि व निर्माण में आने वाली अन्य बाधाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि 4 निर्माण हेतु स्टेट बैंक की ओर कम भूमि है इस हेतु उन्होने स्टेट बैंक से पत्र व्यवहार करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया।

निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने ठेकेदार को निर्देशित किया कि वे 4 लेन का निर्माण एक साथ ना करते हुए प्रथम चरण में 2 लेन का निर्माण काला घोड़ा चौराहा से प्रारंभ करें ताकि नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा ना हो।

दो बत्ती से काला घोड़ा तक चल रहे निर्माण कार्य के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने ठेकेदार को निर्देशित किया कि जिस दिन सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है उस दिन से 21 दिनों तक सड़क की पानी से तरी नियमित रूप से की जाये। इसके अलावा उन्होने निर्देशित किया कि सड़क पर पानी ना रूके उस मान से ढलान दिया जाये इसके अलावा स्ट्रॉम वॉटर हेतु डाले जाने पाईप के ढलान व ज्वाईट का विशेष ध्यान रखा जाये।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने निरीक्षण के दौरान ठेकेदार को निर्देशित किया कि दो बत्ती चौराहे पर सड़क निर्माण का कार्य तीव्र गति से करें क्योंकि यह शहर का सबसे व्यस्ततम चौराहा है चौराहे पर निर्माण के दौरान आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसका विशेष ध्यान रखें।

निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया को अवगत कराया गया कि न्यू रोड क्षेत्र ड्रेनेज हेतु डाले जा रहे पाईप के बीच में विद्युत पोल आने से कार्य में रूकावट आ रही है निगम आयुक्त श्री झारिया ने स्थल का निरीक्षण कर विद्युत पोल शीघ्र शिफ्ट किये जाने हेतु एमपीईबी को पत्र लिखे जाने हेतु संबंधित को निर्देशित किया।

गंदगी पाये जाने पर वार्ड प्रभारी दिलीप खरे का एक दिवस का वेतन काटा

रतलाम 09 जून । निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया द्वारा सफाई कार्य के निरीक्षण के दौरान सज्जन मिल गेट के पास डस्टबीन कचरे से भरे पाये जाने व सड़क के दूसरी ओर दुकानों के सामने कचरा पाये जाने पर वार्ड प्रभारी दिलीप खरे का एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया कि वार्ड में साफ–सफाई करवाने की जिम्मेदारी वार्ड प्रभारी की होती है वार्ड में कचरा व गंदगी पाई जाती है तथा डस्टबीन कचरे से भरे पाये जाते है तो संबंधित वार्ड प्रभारी के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी।

समाचार / ज.सं.वि. / हेमन्त / 09.06.2021 / न.पा.निगम, रतलाम.